- बिहार-झारखंड संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 04
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

DAINIK BIHAR PATRIKA

पटना। रविवार, 24 नवंबर 2024 | सम्पादकः कृष्णा टेकड़ीवाल | web_dainikbiharpatrika.com | Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## लोकतंत्र की परीक्षा में हम सफल हुए: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**नई दिल्ली/(एजेंसी)**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी लोकतंत्र की परीक्षा में सफल रही है। झामुमो, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन के गठबंधन ने 81 में से 56 सीट जीती हैं। सोरेन ने बरहेट सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के जी. हेम्ब्रोम को 39,791 मतों से हराया। सोरेन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, "झारखंड में लोकतंत्र की परीक्षा में हम पास हो गए हैं, चुनाव परिणाम के बाद हम अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा, मैं इस शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस बीच, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा, सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और आगे भी बने रहेंगे। सोरेन ने बाद में एक वीडियो संदेश में कहा, ''आइए झारखंड के 'पिछड़े' होने के ठप्पे को हटाने का संकल्प लें और इसे विकसित बनाने का प्रयास करें। हम उद्योग, शिक्षा और कृषि में सुधार के लिए जनता से सुझाव मांगते हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन हमारे राज्य को 'अबुआ राज' (स्वशासन) के साथ 'स्वर्णिम झारखंड' में बदलेगा।

## महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर बोले पीएम मोदी, एकजुट होकर हम भरेंगे ऊंची उड़ान

### झारखंड के लिए हेमंत सोरेन को दी बधाई

**नई दिल्ली/(एजेंसी)**

महाराष्ट्र में एनडीए की भारी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकास और सुशासन की जीत हुई। मोदी ने एक्स पर लिखा कि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे! उन्होंने कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र की मेरी बहनों और भाइयों, विशेषकर राज्य के युवाओं और महिलाओं को हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। जय महाराष्ट्र ! मोदी ने आगे लिखा कि एनडीए के जन-समर्थक प्रयास सर्वत्र गूंज रहे हैं! मैं विभिन्न उप-चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को



आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत की, लोगों के बीच गए और हमारे सुशासन के एजेंडे को विस्तार से बताया। झारखंड में जीत के लिए पीएम ने हेमंत सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं। महाराष्ट्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति ने महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के खिलाफ अजेय बढ़ हासिल कर ली, जबकि झारखंड में 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) सत्ता में वापसी करता दिख रहा है। महाराष्ट्र चुनाव के लिए मतों की गिनती के साथ ही भाजपा में जश्न का माहौल है जहां 149 सीट पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी 125 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ मिलकर भाजपा नीत सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन राज्य की 288 सीट में से 219 सीट जीतने की ओर अग्रसर है, जबकि कांग्रेस-शिवसेना(उबाठा),राकांपा(एसपी)गठबंधन को सिर्फ 51 सीट पर ही जीत मिलने की संभावना है। दोनों राज्यों के मतदाता बदलाव के बजाय निरंतरता के पक्ष में हैं।

## पटना में मिले डेंगू के 41 नए मरीज, चिकनगुनिया का भी प्रकोप

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**पटना।** राजधानी पटना में डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में डेंगू के 41 और चिकनगुनिया के नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन में पटना में अब तक डेंगू के 4686 और चिकनगुनिया के 379 मामले दर्ज किए गए हैं। डेंगू से अब तक 15 लोगों की जान जा चुकी है। डेंगू और चिकनगुनिया का मुख्य कारण एडीज मच्छर है, जो साफ पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। डॉक्टरों ने इसे रोकने के लिए विशेष सावधानियां बरतने की अपील की है। पटना के विभिन्न इलाकों में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डैंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। मरीजों के इलाज के लिए अतिरिक्त बेड और जांच की व्यवस्था की गई है। सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच निशुल्क की जा रही है। लोगों से आग्रह किया गया है कि डेंगू के लक्षण जैसे बुखार, सिरदरद, मांसपेशियों और जोड़ं में दर्द, त्वचा पर चकत्ते और कमजोरी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से बचने के लिए विशेष् सावधानियां बरतने की सलाह दी है: घर और आसपास पानी जमा न होने दें। जमा पानी को 'तुरंत साफ करं या उसमें मिट्टी का तेल डालें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छर भगाने वाले क्रीम या स्प्रेका इस्तेमाल करें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। डेंगू के लक्षण महसूस होने पर तुरंत जांच कराएं।पटना मेंडंगू और चिकनगुनिया के मामलों में लगातार वृद्धि चिंताजनक है। सरकारी और निजी अस्पताल इस पर नियंत्रण पाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सहयोग और जागरूकता की अपील की है |

## समस्तीपुर शहर में भीषण डकैती, करोड़ों की जेवरात ले गए अपराधी

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**समस्तीपुर ।** शहर में शनिवार की शाम समस्तीपुर शहर के बीचोंबीच स्थित अनिल ज्वेलर्स में भीषण डकैती हुई है। बताया जाता है कि बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप से करोड़ से अधिक मूल्य की ज्वेलरी और नगदी लूट ली है। आधा दर्जन से अधिक की संख्या में पहुंचे लूटेरों ने सभी कर्मचारियों को बंधक बना कर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने समस्तीपुर की पुलिसिया व्यवस्था को धत्ता



बताते हुए एक बार फिर सरेशाम डाका डाला है। बाईक से पहुंचे बदमाश बड़े-बड़े झोलों में भरकर ज्वेलरी ले गए हैं। हीरा ज्वेलर्स एवं रिलायंस ज्वेलर्स डकैती कांडके बाद समस्तीपुर की यह सबसे बड़ी डकैती बतायी जा रही है। इस घटना ने समस्तीपुर की पुलिसिया व्यवस्था के मुंह पर एक बार फिर से कालिख पोत दी है। वैसे घटना के बाद एएसपी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस डीआईयू की टीम घटना की छानबीन में जुट गई है। पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज भी मिल गया है। जिसकी मदद से लूटेरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों का चेहरा साफ साफ दिख रहा है। पुलिस शहर की नाकेबंदी करके जांच शुरू कर दी है।

## थाना परिसर में जानता दरबार का आयोजन

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**विद्यापतिनगर/समस्तीपुर ।** थाना परिसर में शनिवार को जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर थानाध्यक्ष फिरोज आलम, सीआई कुमार गौरव व राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार की मौजूदगी मे लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। पूर्व में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। लगाये गए जनता दरबार में चार मामले आये थे, जिसमें सभी मामलों को दोनों पक्षों की



सहमति से निष्पादित कर दिया गया। वहीं जनता दरबार मे लंबित मामलों में अगली तिथि दी गई। डीएम व एसपी के निर्देश पर थानों में जनता दरबार लगाया जाता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जमीनी विवाद से जुड़े मामलों में थाना में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है। जिसमें सुलह के आधार पर थानों में लगने वाले जनता दरबार मे मामलों का निष्पादन किया जाता है।

## इनर व्हील क्लब द्वारा नि:शुल्क दन्त जाँच शिविर का आयोजन

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**छपरा|**इनर व्हील क्लब ऑफ सारण के द्वारा शहर के भगवान बाज़ार स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर क्लब अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दंत चिकित्सक को अंगवस्त्र व पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ० आशुतोष कुमार दीपक ने स्कूली बच्चों का दांत, मसूड़ा और मुंह की जांच किया और उनके बीच ब्रश व पेस्ट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी को दो बार ब्रश करना चाहिए और




चॉकलेट, मैग्गी, फास्ट फूड व जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह ने किया, इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

## भाकपा मार्क्सवादी का जिला सम्मेलन छातापुर में हुआ संपन्न

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**सुपौल|**छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित महर्षिमेंहि योगाश्रम परिसर के समीप गुरुवार की शाम को भाकपा मार्क्सवादी सुपौल का 24वां जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में सचिव ललन चौधरी, बिनोद झा सहित पार्टी के जिले भर के वरिय नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में झंडोत्तोलन के उपरांत शहीदों की वेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। फिर शहादत गीत के बाद शहीद कार्यकर्ताओ की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। सम्मेलन मे उपस्थित पर्यवेक्षक एवं प्रतिनिधियों के संयुक्त बहस व मुआवजे के बाद सर्वसम्मति से महिला नेत्री अधिवक्ता नीतू सिंह यादव को जिला सचिव की जिम्मेवारी दी गई। वहीं 17



सदस्यीय जिला कमेटी की घोषणा की गई। जिसमे भोला यादव, रमेश पोद्दार, पूर्व मंत्री भोला यादव, निजामुद्दीन, अरुण कुमार, डॉ चंद्रभास, सुरेंद्र चौधरी, सरवन यादव, रामदेव यादव, सदानंद राम, राजेश कुमार, धर्मदेव यादव, जगदेव यादव, सुरेश चौपाल, बेचन यादव, राजेंद्र यादव, प्रताप गंज, बालेश्वर मुखिया के नाम शामिल हैं। जबकि देवनारायण उरांव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। जिला मंत्री बनी नीतू सिंह यादव ने कहा कि दिवंगत बलराम सिंह यादव का संघर्ष महिला उत्पीड़न, सामंत पुलिस गठजोड़, सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, भूमिहीनों को जमीन एवं किसान मजदूर कमजोर वर्गों के सम्मान की लड़ाई ऐतिहासिक है। उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर एवं वर्तमान ज्वलंत मुद्दों पर सभी प्रखंड कार्यालय के सामने ऑदोलन का शंखनाद किया जायेगा।

## शुभारंभ: ऑटा, बेसन, सत्तू उद्योग का हुआ शुभारंभ,पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलु ने फीता काटकर किया इसका उद्घाटन

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**सुपौल|**छातापुर प्रखंड के मधुबनी पंचायत वार्ड संख्या दो में शुक्रवार को उद्योग विभाग के सौजन्य से हीरालाल ऑटा, बेसन, सत्तू उद्योग का शुभारंभ किया गया। स्थानीय विधायक सह पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलु ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। मौके पर सुपौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव, स्थानीय मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबु, विधायक प्रतिनिधि केशव कुमार गुड्डू, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर भगत सहित इलाके के गणमान्य, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री बबलु ने हीरालाल आटा बैसन



सत्तु उद्योग खोलने के लिए प्रोपराइटर को बधाई दी। कहा कि उद्योग के उत्पादों की अच्छी ब्रांडिंग व मार्केटिंग करने की जरूरत है। ताकि प्रोत्साहन राशि का सदुपयोग हो और उद्योग को बढावा मिले। उन्होने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के द्वारा गांव से लेकर देश तक सभी क्षैत्रों में चहूंमुखी विकास किया जा रहा है। अब रोजगार स्वरोजगार देने की बारी आई है। उद्योग विभाग की ओर से अतिपिछडी जातियों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा उसके आर्थिक उन्नति के लिए बिना व्याज का ऋण दे रही है। पीएम व सीएम का मानना है कि आप सरकारी नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनें। इस दौरान मुखिया सुनील बाबु सहित ग्रामीणों ने मधुबनी प्रतापगंज के बीच बहुप्रतीक्षित मीरचैया नदी एवं परियाही घाट के समीप गैडा नदी पर पूल निर्माण करवानें की मांग की। कहा कि नदीयों पर पूल नहीं रहने से इलाके के लोगों को गंतव्य तक जाने आने के लिए लंबी दुरी तय करनी है। यहां के हजारों की आबादी दशकों से आवागमन की समस्या से जूझने को मजबूर हैं। वहीं मधूबनी पंचायत में स्थान चिन्हित कर, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन, छतदार चबूतरा आदि का निर्माण करवाने का भी आग्रह किया। मौके पर सुरज चंद्र प्रकाश, रमेश कुमार मुखिया, सरपंच उमेश यादव, उप मुखिया बेचन पासवान, जयप्रकाश पासवान, आशिषकांत झा, नीतीश कुमार झा आदि थे।

## 14025 मतदाता करेंगे 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**छपरा|** इसुआपुर प्रखंड में होने वाले दूसरे चरण के पैक्स चुनाव 27 नवंबर को 14025 मतदाता 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सीओ सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी करुण करण ने बताया कि पैक्स चुनाव में नामांकित 11 लोगों ने नाम वापस ले लिया। वही तीन लोगों का कागजात के गड़बड़ी के चलते नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। वही बुधवार को मतदान के लिए प्रतिक चिन्ह प्रत्याशियों के बीच वितरित कर दिया गया। वहीं चुनाव के लिए प्रखंड में कुल 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## नगर क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर में बांट कर की जाएगी सफाई

### जिलाधिकारी ने की नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

छपरा जिलाधिकारी अमन समीर ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा शहर को बेहतर बनाने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। इस बैठक में महापौर, नगर आयुक्त,कंसलटेंट एजेंसी के प्रतिनिधि, बुडको के अभियंता सहित नगर निगम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी में संपूर्ण नगर क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर में बांटने को कहा। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेवारी किसी पदाधिकारी को देने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक सेक्टर में एक अभियंता भी टैग रहेंगे। नगर निगम क्षेत्र में पर्याप्त साफ-सफाई, फुटपाथ को व्यवस्थित करने, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा के संस्थापन आदि को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। प्रत्येक सेक्टर के चार्ज वाले पदाधिकारी अपने सेक्टर में इन सब चीजों के क्रियान्वयन की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे तथा आवश्यकता अनुसार व्यवस्था में सुधार हेतु पहल करेंगे। बैठक के समय एयर क्वालिटी इंडेक्स 189 पाया गया,जिसे 100 के नीचे लाने हेतु पानी का छिड़काव सहित अन्य कार्रवाई



सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी महत्वपूर्ण मार्गो एवं स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु पहल करने को कहा गया इसमें स्थानीय व्यवसायियों से भी आवश्यक सहयोग लेने को कहा गया। व्यवसायी अगर अपने प्रतिष्ठान के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाएंगे तो विधि व्यवस्था में सहयोग मिलेगा। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नगर निगम के माध्यम से सीसीटीवी लगाया जा सकता है।शहरी क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नालों पर से अतिक्रमण हटाने हेतु एक महीने का विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। चौक चौराहों पर एवं मुख्य सड़कों पर गंदगी फैलाने, सरकारी संपत्तियों पर पोस्टर/बैनर लगाने वालों के विरुद्ध लगातर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। फुटपाथ को व्यवस्थित कर एक प्रकार की दुकानों के लिये एक जगह निर्धारित करने हेतु पहल करने को कहा गया।

## यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल के दूसरे ब्रांच का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

**दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा**

सारण जिले के गरखा बाजार में आधुनिक सुविधाओं से लैस यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल के दूसरे ब्रांच का पूर्व मंत्री व राजद विधायक जितेंद्र कुमार राय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरखा में आधुनिक सुविधाओं से लैस यदुवंशी राय हॉस्पिटल का ब्रांच खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस हॉस्पिटल को खोलने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध करना है। लोगों को यहां पर बेहतर स्वस्थ्य नहीं मिलने के कारण शहर के तरफ जाना पड़ता था जिससे अब निजात मिलेगी। इसमें ओपीडी इमरजेंसी



सुविधा के साथ मेरे छोटे भाई हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु कुमार के साथ कई चिकित्सक सेवा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भी गांव के लोंग स्वस्थ्य के प्रति सजग नहीं रहते है इसको लेकर प्रत्येक 15 दिन पर जिले में कही ना कही निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल के चिकित्सक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु कुमार ने बताया कि मेरे संस्थान के दूसरा ब्रांच का यहां पर शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें मेरे द्वारा ढाई सौ से भी अधिक मरीज को देखा गया और जांच भी कराया गया। जिसमें फाइब्रोस्कैन,लिवर जांच, (न्यूरोपैथी) शुगर के मरीज का नस जांच, (टिएसएच ) थाइरायड की जांच, (एंटी प्रो बीएनपी ) हृदय की जांच (ईसीजी ) हृदय की जांच, शुगर का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल के इस ब्रांच में ओपीडी,आईसीयू के साथ 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध रहेगी।

## पुलिस कप्तान अशोक मिश्रा पहुंचे विद्यापतिधाम, उगना-महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**दैनिक बिहार पत्रिका/समस्तीपुर**

**विद्यापतिनगर।** पुलिस कप्तान अशोक मिश्रा परिवार के साथ शनिवार की शाम प्रखंड मुख्यालय विद्यापतिधाम स्थित उगना-महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पिता, पत्नी व अपने दो बच्चों के साथ देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना की तथा ईश्वर से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से सचिव सतीश कुमार गिरि ने एसपी अशोक मिश्रा का स्वागत मिथिला परंपरा के अनुसार पुष्पगुच्छ, पाग, माला तथा अंगवस्त्र के साथ किया। पूजा अर्चना के बाद एसपी ने कवि विद्यापति एवं उगना की कहानी स्थानीय लोगों से सुनी। वे विद्यापति के बारे में जानकारी प्राप्त कर अभिभूत हुए। मौके पर थाना अध्यक्ष फिरोज आलम, भारत गिरी, मनीष गिरी, दीपक गिरीं आदि मौजूद थे।

## जिला प्रशासन के समग्र प्रयास का असर, अब नहीं रहा हाजीपुर देश का सबसे प्रदूषित शहर

**दैनिक बिहार पत्रिका/वैशाली**

जिला प्रशासन द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जा रहे समग्र प्रयास का असर दिखने लगा है। एक सप्ताह पहले जहां हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 433 था और पूरे देश के प्रदूषित शहरों में पहले स्थान पर था, आज समग्र प्रशासनिक प्रयास से शनिवार को यहां का एक्यूआइ 354 पर आ गया। अब यह देश का सबसे प्रदूषित देश नहीं रहा। दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा हाजीपुर शहर को 14 सेक्टर में बांट कर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए दर्जनों मजिस्ट्रेट और पुलिस ऑफिसर्स तैनात किए गए हैं। उनके साथ नगर पालिका के पदाधिकारी भी दिन रात काम कर रहे हैं। प्रदूषण फैलाने वालों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आज जारी आंकड़े के अनुसार देश भर में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली है। इसका एक्यूआई 412 है। पानीपत हापुड़,



कटिहार के बाद हाजीपुर पांचवें स्थान पर है। हालांकि हवा की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।आज जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा तथा पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय द्वारा संयुक्त रूप से हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में सभी संबंधित पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमें एक समग्र प्रयास करना होगा। प्रदूषण के मानव निर्मित कारण को चिन्हित करते हुए पहले समझाइश से काम दिया जाएगा, वरना दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी फैक्ट्री ओनर अपने फैक्ट्री के सामने वाली सड़क पर रोजाना तीन बार पानी का छिड़काव करेंगे, ताकि धूल कण न उड़े। एसडीएम ,हाजीपुर को निर्देश दिया गया की आवश्यकतानुसार संबंधित पक्ष को नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया हरा-भरा होना चाहिए। यहां सघन वृक्षारोपण किया जाए। फैक्ट्री परिसर के अंदर या बाहर कूड़ा जलाने वाले पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे नगर परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार पानी का छिड़काव सुनिश्चित करें। डीटीओ को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार के वाहनों का शत प्रतिशत प्रदूषण जांच करें। बियाडा के पदाधिकारी को कहा गया कि वे फैक्ट्री से कूड़ा उठाने वाले वेंडर्स को वीसी से मीटिंग कर कूड़ा प्रबंधन की जानकारी दें। इसके बाद वायु प्रदूषण नियंत्रण में लगाए गए अधिकारियों और पुलिस ऑफिसर्स का जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जॉइंट ब्रीफिंग किया गया है।उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपने द्वारा किए जा रहे कार्य और प्रयास का प्रतिदिन रिपोर्ट व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करें। जो भी कूड़ा फेंक रहा हो या कूड़ा जला रहा हो, उसकी तस्वीर ले लें, नाम पता पूछ लें। उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।उन्होंने शहर वासियों से कहा कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों मे मददगार बनें। बैठक में हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह के व सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## बांका डेयरी में सभी प्रशिक्षुओं को आत्मा बांका द्वारा करवाया गया परिभ्रमण



**दैनिक बिहार पत्रिका/प्रतिनिधि**

**बांका|** पूर्वजीत ज्ञान प्रमाणन आर पी एल बैच के अंतिम सत्र मे बांका डेयरी में सभी प्रशिक्षुओं को परिभ्रमण आत्मा बांका द्वारा करवाया गया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी बांका राजेश कुमार साथ मे मौजूद रहे। परिभ्रमण के दौरान प्रभारी बांका डेयरी श्री दूध नाथ राम के द्वारा डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी कृषक बंधुओ ने विस्तृत रूप से सभी चीज़ो को समझा एवं उनके द्वारा जो भी प्रश्न उनके मन मे आया उनका उत्तर उन्होंने पाया। कैसे दूध की पैकिंग होती है वहा सभी ने इसको सामने से देखा। दूध को शीतल कर् कैसे रखा जाता है, दूध की गुणवत्ता को कैसे मापा जाता है सभी चीज़ो को बताया गया।

## बांका:मंदार महोत्सव 2025 की तैयारियों का किया गया निरीक्षण

**दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

**बांका|** प्रभारी जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा शनिवार को मंदार महोत्सव 2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कृषि प्रदर्शनी में किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग के किसी भी पदाधिकारी के उपस्थित नहीं रहने पर प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त किया गया और सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बौंसी को शौचालय , मेला ग्राउंड सहित अन्य स्थलों का साफ-सफाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बौंसी को निर्देश दिया गया कि सभी समुचित प्रकाश की व्यवस्था करने।





मेला के दौरान ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावे चेंजिंग रूम का व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मेले में आने वाले वाहनों के ठहराव (पार्किंग) का समुचित व्यवस्था करें। सभी आवश्यक स्थलों पर बैरिकेटिंग करने तथा ड्रॉप गेट बनाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि संपूर्ण मेला परिसर में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें इसके अलावा किसी प्रकार का खुला तार ना रहे इसका भी ध्यान रखें। मेला के दौरान सफा धर्मावलंबियों के आगमन को देखते हुए उनके लिए अलाव, चेंजिंग रूम तथा उनके ठहरने आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका, विशेष कार्य पदाधिकारी, बांका, जिला खेल पदाधिकारी, बांका, जिला पर्यटन पदाधिकारी, बांका सहित अन्य उपस्थित थे।

## नये थानाध्यक्ष का किया गया स्वागत एवं पुराने थानाध्यक्ष को दी गई विदाई



**दैनिक बिहार पत्रिका/बांका**

**बौंसी|**प्रखंड क्षेत्र के बंधुआकुरावा थाना में नये थानाध्यक्ष के आगमन एवं पुराने थानाध्यक्ष की विदाई पर सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस दौरान समारोह में थाना क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी उपस्थित थे। जिनके द्वारा नये थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार एवं पुराने थानाध्यक्ष मंटू कुमार को बुके एवं शौल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व थानाध्यक्ष ने कहा कि बंधुआ कुरावा थाने में मेरा कार्यकाल काफी अच्छा रहा, साथ ही यहां के जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। जबकि नये थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों के साथ मिलजुल कर कार्य करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने बेहतर कार्य से आम ग्रामीणों को तत्काल न्याय मिल सके इस तरह का कार्य करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से असनाहा पंचायत के मुखिया भरत प्रसाद मंडल, मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिहर यादव, गोकुला मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत चौधरी, सांपडहर मुखिया सरगुन यादव, पूर्व मुखिया संजय यादव, समिति धर्मेंद्र पासवान, श्रीकांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उन्नत खेती को लेकर रबी कृषि चौपाल; कृषि केंद्र विक्रेता पर लगाया किसानों के भेदभाव का आरोप






**दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह**

**चांदन/बांका|** प्रखंड के असोढ़ा पंचायत स्थित गोंदरा समुदायिक भवन परिसर में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर शनिवार 23 नवंबर को रबी किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग बिहार सरकार कृषि विभाग के द्वारा किसानों को समृद्ध सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और पहल शुरूआत की गई। चौपाल में रबी सीजन में किसानों को पंचायत में किसान चौपाल में कृषि विभाग की योजना एवं समसामयिक फसलों की जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक शम्भू शरण सिंह ने चौपाल के उदेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि विभाग के द्वारा रवि चौपाल 21 नवंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक सभी पंचायत में तिथि वार होगी, जिसमें एक दिन में प्रखंड में काम से कम दो पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में कृषि विभाग के प्रसार कर्मियों के द्वारा किसानों को प्रणाली प्रबंधन जैविक खेती से गेहूं की सीधी बुवाई, यांत्रिकरण योजना, उद्यान विभाग की योजना, आत्मा की योजना, बीज वितरण एवं बी टीकाकरण की जानकारी के साथ साथ धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। बताया कि अधिक से अधिक प्रचार प्रसार को लेकर इस कार्यक्रम में किसानों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। बताया कि किसानों के बीच जागरूकता आने से किसान अधिक से अधिक उसका लाभ उठा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर किसान चौपाल में दर्जनों किसानों ने भैरोगंज बाजार अवस्थित संगीता कृषि केंद्र संचालक पलटन यादव उर्फ रामचंद्र यादव द्वारा खाद बीज वितरण में अनियमितता बरतने कि बात बताई। बताया गया कि बीज रजिस्ट्रेशन के बाद मोबाइल पर ओटीपी आने बाद भी बीज देने में आनाकानी करते हैं। एक किसान को एक ही बीज चना या मसुर देना चाहते हैं, जबकि हम किसान भाई जरुरत के हिसाब से दोनों बीज के रजिस्ट्रेशन कराते हैं और ओटीपी भी आता है बावजूद कृषि केंद्र दुकानदार अमर्यादित भाषा प्रयोग किया जाता है। कुछ किसानों ने कृषि समन्वयक शम्भू शरण से कृषि केंद्र का रजिस्ट्रेशन रद्द कराने अथवा अन्य कृषि केंद्र खुलवाने कि बात कही, इस संदर्भ में कृषि समन्वयक शम्भू यादव सिंह ने कहा कि जांच कर कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ अग्रतर कार्यवाही कि जाएगी। वहीं कृषि केंद्र संचालक पलटन यादव ने बताया कि किसानों द्वारा लगाया गया बेबुनियाद है, पहले आओ पहले पाओ के हिसाब से सभी किसानों के बीच चना, गेहूं, मटर,मसुर, सरसों आदि का वितरण किया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम में कृषि समन्वयक शम्भू शरण सिंह, एटीएम आकाश राज, मोसिम अंसारी, किसान सलाहकार श्यामलाल हेंब्रम वार्ड सदस्य मुर्तजा अंसारी , किसान सुरेंद्र यादव, कामदेव यादव, शालिग्राम यादव, अरविंद यादव ,दिनेश यादव सहित दर्जनों प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

## पांच दिनों में 27089 बच्चों को पोलियो दवाई पिलाकर किया प्रतिरक्षित



**दैनिक बिहार पत्रिका/बांका**

**चांदन|** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के आदेश अनुसार जिले भर में चलाए गए पांच दिवसीय पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित करने के आलोक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार के नेतृत्व में रविवार 17 नवंबर से 22 नवंबर शुक्रवार तक 27089 बच्चों को खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया।

इस आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार व डब्ल्यू एच ओ बीएम यूनिसेफ पंकज झा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 5 दिनों में 31 274 घरों के कुल 27089 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। जिसमें 696 नवजात शिशु शामिल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए 72 पोलियो टीम और 24 सुपरवाइजर लगाया गया था। इस आयोजन में सफल बनाने में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र चांदन प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह बीसीएम संजय कुमार बीएम यूनिसेफ पंकज झा आदि के आलावा संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अवैध बालू लदे ऑटो को किया गया जप्त, कारोबारियों में मचा हड़कंप



**दैनिक बिहार पत्रिका/कामेश्वर साह**

**फुल्लीडुमर/बांका|**अवैध बालू बिक्री की गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के नगरडीह मोड के पास छापेमारी की गई। जहां छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही अवैध बालू लदे ऑटो को सड़क पर ही छोड़कर चालक मौके से फरार हो गए। फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के क्रम में अवैध बालू लगे ऑटो को पुलिस द्वारा जप्त करते हुए थाने लाया गया। वहीं थाना अध्यक्ष बबलू ने बताया कि अवैध बालू लदे बिना नंबर प्लेट के ऑटो को जप्त कर आगे की कार्रवाई हेतु डीटीओ कार्यालय भेजा गया है। आगे थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि चोरी छुपे थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार करने वाले कारोबारी पकड़े जाने पर किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे एवं नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस के इस कार्रवाई से अवैध बालू के धंधे में लिप्त माफियाओं में दहशत का माहौल है।

## पटना एकादश महादेवपुर ने डीसीए देवघर को 3 विकेट से पराजित किया

**दैनिक बिहार पत्रिका/बांका**

कृषांग क्वांटम स्पोर्ट्स के सौजन्य से चल रहे डायनामिक कृषांग क्रिकेट चैम्पियनशिप, सीजन -4 , 2024 का दुसरा क्वार्टर फाइनल मैच आज 23/11/2024 को डी सी ए, देवघर और पटना एकादश, महादेवपुर के बीच आरएमके स्कूल मैदान पर खेला गया। जिला खेल संघ बांका और बांका डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के संचालन में यह आयोजन चल रहा है। मैच के पहले आयोजन समिति के सदस्यों ने जिला खेल संघ के दिवंगत उपाध्यक्ष और बांका की मशहूर हस्ती व समाजसेवी प्रो. विश्वजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना एकादश महादेवपुर के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुना और डीसीए देवघर टीम ने टोटल 20 ओवर खेलकर 8 विकेट पर 134 रन बनाए। देवघर के बल्लेबाज राजा भरद्वाज ने सर्वाधिक 59 रन जबकि उत्कर्ष कुमार ने 19 रन बनाया। पटना एकादश महादेवपुर टीम के गेंदबाज कार्तिक पांडेय और सूरज कश्यप ने 2-2 विकेट लिये। जबाब में बल्लेबाजी को उतरी पटना एकादश महादेवपुर की टीम ने 16.4 ओवर में 7 विकेट पर 140 रन बनाकर आज का मैच 3 विकेट से जीत लिया। कार्तिक पांडेय ने विजयी छक्का लगाकर अपने टीम को जीत दिलाई और इस प्रकार से पटना एकादश सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दुसरी टीम हो गयी। मां मनसा सनातन फाउंडेशन जसीडीह देवघर की टीम पहले से सेमीफाइनल पहुंची हुई है। यह क्वार्टर फाइनल मैच 21/11/2024 को खेला गया था जिसमें सनातन फाउंडेशन देवघर ने महादेव एकादश बांका को पराजित किया था। आज के मैच में पटना एकादश के बल्लेबाज नंदकिशोर ने सर्वाधिक 40 रन बनाया , अमित कुमार ने 30 रन (10 गेंद) बनाए जबकि देवघर के गेंदबाज कुमार सुमित ने 3 विकेट लिये। मेन आफ द मैच का अवार्ड पटना एकादश के गेंदबाज कार्तिक पांडेय को उनके बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के लिये दिया गया । उन्हें यह अवार्ड जिला खेल संघ के अध्यक्ष और डीकेसीसी आयोजन समिति के भी अध्यक्ष संजय झा, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय और बांका कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज दीक्षित ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मैच का अम्पायरिंग चन्दन चौधरी और मिलन कुमार कर रहे थे जबकि स्कोरर मदन कुमार, डिजिटल स्कोरर राज कुमार गोलू और उद्घोषक सावन सिंह थे। कल का मैच दुमका जिला एलेवन और बाराहाट,बांका के बीच खेला जाएगा। बाराहाट की टीम के ज्यादातर खिलाड़ी गोड्डा जिला एकादश के प्लेयर रहेंगे। डीकेसीसी-4, 2024 बांका जिला के महान स्वतंत्रता सेनानी परशुरामी सेना के संस्थापक बसमत्ता, कटोरिया के स्वर्गीय परशुराम सिंह






और बांका जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रथम सचिव स्वर्गीय शंकर मुखर्जी की स्मृति में आयोजित किया गया है। मौके पर उपस्थित थे- शिवनारायण झा, सुबोध झा, राकेश सिंह, संजय झा , अधिवक्ता मनोज दीक्षित, रंजीत यादव, गौरव किशोर झा, सावन सिंह, प्रदीप भगत, प्रदीप कुमार, चंदन कुमार, चंदन चौधरी, अंजनी मिश्रा, संजय मिश्रा व अन्य।आयोजन का परिचय एवं टीमों खिलाड़ियों का स्वागत जिला खेल संघ के अध्यक्ष संजय झा ने दिया/किया। जानकारी मीडिया प्रभारी रंजीत यादव ने दी।



# करण जौहर ने 'बागी 4' के लिए टाइगर श्रॉफ को दी शुभकामनाएं, साजिद को बताया दूरदर्शी



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म 'बागी 4' की घोषणा इसके पहले पोस्टर के साथ कर दी है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ अभिनीत बागी की चौथी किस्त है। फिल्म के पहले पोस्टर के सामने आने के बाद करण जौहर ने शुभकामनाएं दी हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा, दूरदर्शी साजिद...नाडियाडवाला और टाइगर जैकी श्रॉफ के साथ उनके घातक संयोजन और एक ब्लॉकबस्टर यात्रा की शुरुआत के लिए बधाई। करण के इस पोस्ट से लगता है कि वह इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।

### टाइगर श्रॉफ का दिखा खूंखार अंदाज

सोमवार को निर्माताओं ने बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की घोषणा की। पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से सना हुआ है। जबकि उनके चारों ओर कई शव पड़े हैं। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता ए हर्षा करेंगे, यह उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने नाडियाडवाला ग्रैंडसन बैनर तले किया है और यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### बागी फेंचाइजी

बागी फेंचाइजी की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू मुख्य भूमिकाओं में थे। दूसरी किस्त, बागी 2 वर्ष 2018 में आई थी। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी और रणदीप हुड्डा भी नजर आए थे।




# ये काली काली आंखें के साथ ओटीटी पर लौट रही हैं श्वेता त्रिपाठी

**अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिर लौट आई हैं। मिर्जापुर, मसान में उनकी काली काली आंखों ने खूब जलवा दिखाया और अब जिस कहानी के साथ वह ओटीटी पर लौट रही हैं, उसका तो नाम ही है, ये काली काली आंखें। इस सीरीज के दूसरे सीजन में उनके किरदार पर ही लोगों की निगाहें टिकने वाली हैं क्योंकि बाकी सारे किरदार इस कहानी में अपने पत्ते पिछले सीजन में ही खोल चुके हैं।**

श्वेता त्रिपाठी कहती हैं, मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार मुझसे अलग हों और एक-दूसरे से भी अलग हों। मुझे वे दांव पसंद हैं जो उच्च ड्रामा के साथ आते हैं, जहां प्रत्येक किरदार की यात्रा गहन और प्रभावशाली लगती है। ये काली काली आंखें में शिखा का किरदार मेरे किरदार से बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद लेती हूं। सीरीज ये काली काली आखें के बारे में उनका कहना है, ये शो वास्तव में सवाल पूछता है कि आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जाएंगे? इस सीजन में शिखा खुद को इसी यात्रा पर पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को गहराई में ले जाएगा और डराएगा भी। इस सीजन में, दर्शकों को मेरे किरदार का एक स्त्री और कमजोर पक्ष दिखाई देगा, फिर भी वह उग्र और दृढ़ है। यह जीवन में एक रोमांचक संतुलन है।

ये काली काली आंखे के दूसरे सीजन का नेटफ्लिक्स पर खास प्रचार प्रसार तो नहीं हो रहा है लिहाजा इसके कलाकार अपनी बातें अपनी टीम के जरिये ही दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन भी कुछ खास नहीं रहा। लेकिन, हां श्वेता को लोगों ने पसंद किया। इस बार भी वह कुछ नए कांड इस सीरीज में करने वाली हैं।

ीरीज में अपने किरदार के बारे में भी श्वेता ने खुलासा कर दिया है। वह बताती हैं, शिखा की दुनिया तब तबाह हो जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक और गैर-संघर्षशील, वह शुरू में दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी सीमा को पार करने से बचती है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आने वाला है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लड़ने का फैसला करती है।




## जारी हुआ अग्नि का ट्रेलर

# फायरमैन के किरदार में प्रतीक गांधी

अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के संघर्ष की कहानी को अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, मिर्जापुर के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं..बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म के ट्रेलर में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के जीवन की कहानी बयां की जा रही है, जिसमें प्रतीक गांधी अहम रोल निभा रहे हैं।



# एक फिल्म के अंदर गुड्डू पंडित को ढालने को लेकर निश्चित नहीं हैं अली

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और सफल वेब सीरीज है। हाल में इस पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है, जिसके बाद से फैंस अपने पसंदीदा किरदारों को फिल्मी पर्दे पर देखने के लिए काफी बेकरार हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान सीरीज में गुड्डू भैया के किरदार में नजर आए अभिनेता अली फजल ने इसे लेकर बात की है। उन्होंने अपने किरदार की फिल्मी रुपांतरण पर संदेह जताते हुए कहा कि वह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि एक फिल्म के अंदर किस तरह से उनके इस किरदार को समाया जा सकेगा।

अभिनेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर कहा कि अब तीनों सीजन की चीजों को नए प्रारूप में ढाल कर एक फिल्म के अंदर लाना काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि वो इसे लेकर पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। उन्होंने फिल्म को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा कि यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय हॉलीवुड सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग उस समय ही इस शो को भी फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### बड़े पर्दे पर तीनों सीजन की कहानी को फिट करना होगी चुनौती

अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अली फजल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनकी भूमिका को और कितना आगे बढ़ाया जा सकता है, यह देखते हुए कि कई पहलुओं पर पहले ही काम किया जा चुका है। अभिनेता ने यह भी चर्चा की कि निर्माताओं के लिए उनके इतने बड़े किरदार को पर्दे पर फिट करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। अभिनेता ने कहा, अब लक्ष्य तीनों सीजन की कहानी को एक या दो घंटे के संक्षिप्त सिनेमाई अनुभव में बदलना है, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। हाल ही में, निर्माताओं द्वारा मिर्जापुर फिल्म की घोषणा करते हुए पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और अभिषेक बनर्जी की झलक दिखाई गई थी। फरहान अख्तर द्वारा साझा किए गए इस वीडियो जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मिर्जापुर- द फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। फरहान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी। मिर्जापुर द फिल्म, जल्द ही आ रही है।

### ऋतिक रोशन के कालीन भैया के किरदार में नजर आने की है अफवाह

फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर अफवाहों को दौर भी शुरू हो गया है। ऐसी ही एक अफवाह में कहा जा रहा है कि मिर्जापुर फिल्म में कालीन भैया की भूमिका में पंकज त्रिपाठी की जगह ऋतिक रोशन को लिया जाएगा। यह फिल्म मिर्जापुर की दुनिया में और गहराई से उतरेगी, जिसके तहत इसके मूल किरदार अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं को दोबारार से निभाते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि मिर्जापुर- द फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया गया है। वहीं, फिल्म का निर्माण पुनीत कृष्णा ने किया है और गुरमीत सिंह इसका निर्देशन करने वाले हैं।

# शादी की खबरों पर मीनाक्षी चौधरी ने चुप्पी तोड़ी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म मटका रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### नागार्जुन के भतीजे को मीनाक्षी कर रहीं डेट?

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराधु में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

### शादी की खबरों को बताया झूठा


मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म मैकेनिक रॉकी जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं विश्वंभरा का हिस्सा हूं। अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। मैकेनिक रॉकी इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी

न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की।इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, मुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।

### स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।


### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं। भूल भुलैया 3 निर्देशक ने आगे कहा कि जब वे फिर से साथ आएंगे, तो बिनी किसी शंका के एक बेहतरीन फिल्म बनाएंगे।

### शाहिद और अनीस बज्मी का वर्क फ्रंट

बात करें, शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की, तो उनकी आगामी फिल्म देवा है, जो प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ये फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूजमें काम करने वाले हैं। वहीं, बात करें अनीस बज्मी की, तो कहा जा रहा है कि वो नो एंट्री के सीक्वल की तैयारियां कर रहे हैं।





# बच्चे की नाखून चबाने की आदत ऐसे होगी दूर

कई बार देखा गया है कि बच्चों को जाने-अनजाने नाखून चबाना, दांत पीसना या बेवजह पैर हिलाने की आदत पड़ जाती है। अभिभावक इसे मामूली समझ नजरअंदाज कर देते हैं, जोकि सही नहीं है। मगर, लंबे समय तक ऐसा करने से सेहत को नुकसान होता है। चलिए हम आपको बताते हैं कि बच्चों में स्टिमिंग का आदत को कैसे कंट्रोल कर सकते हैं।

बच्चों में नाखून चबाना, बालों को घुमाना, पैर-हाथ हिलाने की आदतों को इन आदतों को ऑटिज्म से जुड़ा माना जाता है। हालांकि अगर समय रहते अभिभावक कुछ उपाये करें तो उनकी ये आदतें छुड़वाई भी जा सकती है।

इसने कई प्रकार के नुकसान होते हैं।

- गंदगी से भरे नाखून जब मुंह में जाते हैं तो इससे बच्चों को इंफेक्शन, दांत कमजोर, मसूड़ों की बीमारियां, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन्स , डायरिया और पेट दर्द की समस्या हो सकती है।
- पैर हिलाने की आदत से लगातार पैरों में दर्द व सनसनी, खिंचाव, भारीपन, , कमजोर मांसपेशियां और पैरों में चुभन महसूस होने लगती है। वहीं, इससे जोड़ कमजोर और ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ने का डर भी रहता है।
- लंबे समय तक उंगलियां चटकाने से गठिया रोग की समस्या भी हो सकती है। दरअसल, ये हड्डियां एक दूसरे से जुड़ी होती है और उंगलियां चटकाने से इनके बीच मौजूद द्रव कम होता जाता है, जिससे बच्चे इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

## नाखून चबाने की आदत

बच्चों की उंगलियों में नीम या लौंग का तेल लगा दें। इसका स्वाद कड़वा होता है, जिससे बच्चे की नाखून चबाने की आदत छोड़ देती है।

बच्चों को व्यस्त  रखें। उनसे ड्रांइग करवाएं या हाथों की कोई भी एक्टिविटी करवाएं। अगर बच्चे पढ़ते या टीवी देखते समय ऐसा करते हैं तो उन्हें खानपान में व्यस्त रखें ।

## पैर हिलाने पर तुरंत टोकें

जैसे ही बच्चे पैर हिलाने लगे तो उन्हें तुरंत टोक दें। आपके बार-बार ऐसा करने से उनकी आदत दूर हो जाएगी। हो सकता है बच्चा ऐसा स्ट्रेस की वजह से कर रहे हों। ऐसे में उन्हें तनावमुक्त रखने के लिए फिजिकल एक्टिवीटी ज्यादा करवाएं और उन्हें व्यस्त रखें।

## योग से दूर होगा स्ट्रेस

आपका बार-बार बालों से खेलता है तो उन्हें टोक दें और समझाएं कि ये गलत है। शुरु से ही बच्चे को तनाव मुक्त और रखने के लिए योगा करवाएं।



# बच्चों को सेहतमंद रखेंगे ये पौष्टिक आहार

**कोरोना महामारी के इस दौर में अगर आप अपने बच्चे को सेहतमंद रखने के साथ ही उसकी रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ाना चाहते हैं तो उसे बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाने की आदत डालें। बच्चों की अच्छी सेहत के लिए उनके खाने में पौष्टिक चीजें शामिल करने से उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी बेहतर तरीके से होता है। ऐसे में अक्सर अभिभावक इस बात से परेशान रहते हैं कि आखिर बच्चों को किस प्रकार का आहार देना चाहिये। अगर आप भी इसी समस्या से परेशान है तो यह जानकारी आप के लिए लाभदायक साबित हो सकती है। कुछ आहार ऐसे हैं जिनसे बीमारियों से बचाव के साथ ही रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ती है।**

## शकरकंद

इसका सेवन करने से रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ने के साथ बीमारियों से भी बचाव रहता है। फाइबर की मात्रा अधिक होने से इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ऐसे में आप चाहे तो इसे बच्चे को 6 महीने का होने के बाद खिला सकते हैं। यह बच्चे के लिए बेस्ट आहार माना जाता है।

## दलिया

बच्चों के बेहतर विकास के दलिया एक संपूर्ण आहार माना जाता है। फाइबर, आयरन और अन्य जरूरी तत्वों से भरपूर दलिया का सेवन करने से बच्चे को सही वजन मिलता है। आप इसे नमकीन, दूध वाला या पेनकेक की तरह बना कर बच्चे को खिला सकते हैं।

## गाय का दूध

एक साल से छोटे बच्चे के लिए मां का दूध ही संपूर्ण आहार होता है। मगर आपका बच्चा एक साल से बड़ा है तो उसे रोजाना 3 बार गाय का दूध पिलाएं। इससे उसे सभी उचित तत्व मिलने के साथ बीमारियों से बचाव रहेगा।

## केला

विटामिन, कैल्शियम, फाइबर, पोटेशियम आदि से भरपूर केले का सेवन करने से अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही इसमें फाइबर अधिक होने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। ऐसे में वजन भी कंट्रोल में रहता है। अगर बच्चा केला खाने से मना करें तो आप उसे इससे मफीन, पैन केक या बनाना शेक बना कर दे सकते हैं।

पौष्टिक गुणों से भरपूर आडू का सेवन करने से बच्चे का विकास बेहतर तरीके से होता है। इसके सेवन से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। आप इससे शेक, फ्रूट चाट, स्मूदी के तौर पर बच्चे को दें सकते हैं।

## नाशपाती

नाशपाती में विटामिन, फाइबर, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। आयरन अधिक मात्रा में होने से यह शरीर में खून की कमी पूरा करने में मदद करता है। साथ ही मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है।

## घी

घी का सेवन करना मां और बच्चा दोनों के लिए फायदेमंद होता है। इससे रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ने से बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ती है। मगर बच्चे को इसे हजम करने में मुश्किल न आए ऐसे में उसे कम मात्रा में ही खिलाएं।

## मटर

इसमें विटामिन, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस आदि अधिक मात्रा में होते हैं। आप बच्चों को मटर का सूप, खिचड़ी या सब्जी के रूप में खिला सकते हैं। इससे बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलती है।

## चीज़

आप अपने 8 महीने के बच्चे को चीज खिला सकते हैं। इसमें फास्फोरस, कैल्शियम अधिक होने से बच्चे की ग्रोथ बेहतर तरीके से होती है। आप इसे सीधा या सलाद में मिलाकर खिला सकती है।

## सूखे मेवे

बच्चे की ग्रोथ के लिए उसकी डाइट में सूखे मेवे शामिल करना बेस्ट ऑप्शन है। आप इसे रातभर भिगो कर या पाउडर बनाकर बच्चे के दूध में मिलाकर पिला सकते हैं। इसके अलावा इसके लड्डू या बर्फी में मिलाकर भी इसे खिलाया जा सकता है। मगर हैवी होने के चलते इसे बच्चे को हफ्ते में 2 बार ही खिलाएं।

## हैल्दी ड्रिंक्स

आप घर ही साबुत अनाज, दालों को मिक्सी में पीसकर मल्टीग्रेन पाउडर तैयार कर सकते हैं। इस पाउडर को दूध में मिलाकर पीने से बच्चे को सभी जरूरी तत्व आसानी से मिल जाएंगे।

## आलू

6 महीने बाद बच्चों को आलू उबाल कर खिलाना फायदेमंद होता है। इससे बच्चे की ग्रोथ अच्छे से होने के साथ बीमारियों से बचाव रहता है। आप आलू को खिचड़ी, सूप, उबालकर आदि तरह बच्चे की डाइट में शामिल कर सकते हैं।




# बच्चों को यातायात के नियम भी बताएं

**स्कूल** और घर में ज्यादा दूरी ना होने के कारण बच्चे अकेले ही वहां चले जाते हैं। ऐसे में हमें उन्हें यातायात के सुरक्षा नियमों की जानकारी देनी चाहिये ताकि बच्चे सुरक्षित रूप से स्कूल आ जा सकें। ध्यान रखें कि आपके बच्चे एक ही रूट से प्रतिदन आएं-जाएं और वह रास्ता सुरक्षा की दृष्टि से भी सही होना चाहिए। उन्हें ऐसे रास्ते से भेजें जिसमें सड़क पर कम-से-कम क्रासिंग हो ताकि उन्हें बार-बार सड़क पार ना करनी पड़ी।

किसी भी तरह का गैजेट जैसे मोबाइल, वीडियो गेम, टैबलेट एवं आई पैड इत्यादि उन्हें देंने से बचें ताकि बच्चे सड़क पर फोन पर बात करते हुए, गाने सुनते हुए या गेम खेलते हुए किसी दुर्घटना का शिकार ना हों।

अपने बच्चों को सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहें। चाहे वे पैदल जाते हों या वैन एवं बस में उन्हें पता होना चाहिए कि वैन में कैसे बैठना है। यदि आगे की सीट पर बैठ हैं तो बैल्ट लगा कर बैठें। सड़क पार कर रहे हैं सिग्नल देख कर करें। अपने बच्चों को लाल, हरी और पीली बत्ती का फर्क समझाएं।

दस साल से कम उम्र के बच्चों के साथ किसी बड़े का होना जरूरी है। उन्हें कभी भी सड़क पर अकेले ना छोड़ें। जब तक कि उनमें सड़क नियमों को समझने की परिपक्वता ना आ जाएं।

अपने बच्चों को अजनबियों से सावधान रहने को कहें। उन्हें समझाएं किसी भी अजनबी से कोई भी उपहार, टॉफी या खाने की चीज ना लें और ना ही उनके साथ कहीं जाएं।

बच्चों को समझाएं कि सड़क के किनारे से सिग्नल को देखकर और जेब्रा क्रासिंग पर ही सड़क पार करें।

बच्चों को बताएं कि बस से उतरने के बाद हमेशा उसके सामने से ही जाएं ताकि ड्राइवर उन्हें जाते हुए देख सके।

कभी भी सड़क पर मस्ती-मजाक करते हुए दौड़ ना लगाएं। कार पार्किंग के बीच में ना भागें।

बच्चों को अपने मोबाइल और घर के नंबर, घर का पता, स्कूल का पता याद करवा दें ताकि जरूरत पड़ने पर या किसी मुसीबत में वे आपसे संपर्क कर सकें।

यदि आपके बड़े बच्चे बाइक, स्कूटर या स्केट बोर्ड से स्कूल जाते हैं तो उन्हें हैलमेट पहनने को जरूर कहें। उनकी सुरक्षा करने के लिए ध्यान दें कि वे इसका पालन कर रहे हैं या नहीं।

# बच्चों को बताएं गुड और बैड टच में अंतर

**जिस** प्रकार आजकल मासूम बच्चों के साथ अपराध बढ़ रहे हैं उससे अभिभावकों का चिंतित होना लाजिमी है। बच्चों को घर के अंदर बंद तो नहीं रखा जा सकता। ऐसे में उन्हें किसी भी अप्रिय घटना से बचने के तरीके समझाना जरुरी है क्योंकि हाल के दिनों में स्कूलों में भी बच्चों के साथ कई हादसे हुए हैं।

बच्चों को सतर्क करना इसलिए जरुरी हैं क्योंकि बच्चे बहुत ज्यादा भोले और मासूम होते हैं। उनको अच्छे और बुरे की कोई समझ नहीं होती। जो भी उनको प्यार से बुलाता है वह उसको अपना समझने लगते हैं। उस व्यक्ति के साथ प्यार से बात करने लगते हैं। कई बार तो बच्चे अनजान इंसान के साथ भी चले जाते हैं। बच्चे मन के साफ होते हैं वह समझ नहीं पाते कि किसी के दिमाग में क्या है। ऐसे में मां-बाप को चाहिए कि वह अपने बच्चों को गुड और बैड टच के बारे में जरूर बताएं। ताकि वह किसी यौन शोषण का शिकार ना हो पाएं।

## बताएं क्या है बैड टच और गुड टच

बच्चों को नहीं पता कि गुड टच और बैड टच क्या होता है। इसलिए आप उन्हें ना सिर्फ इसके बारे में बताएं बल्कि उन्हें समझाने की कोशिश करें, ताकि वो आसानी से समझ सके। बच्चों को बतायें कि कोई भी अनजान उनके करीब आने का प्रयास करे तो दूर हो जायें और अगर वह उन्हें जबरदस्ती पकड़े तो शोर मचाकर लोगों को बतायें। किसी अनजान की बातों में न आयें और न ही खाने पीने का सामान लें। कोई लालच दे तो भी इंकार कर दें।



# तेज दिमाग के लिए बच्चों को एनर्जी ड्रिंक

**अगर** आप का बच्चा भी जल्दी भूल जाता है और इससे उसे पढाई में भी परेशानी आती है तो इसमें पोषण की कमी हो सकती है। कई बार संतुलित आहार या किसी तत्व की कमी से भी ऐसा होता है। इसका कारण यह भी है कि बच्चे खाने- पीने में बहुत ही आनाकानी करते हैं। ऐसे में उन्हें सही पोषण न मिलने के कारण दिगाम का विकास ठीक से नहीं हो पाता। ऐसे में बच्चों को ड्राई फ्रूट्स से एक एनर्जी ड्रिंक बनाकर दें। प्रतिदिन इस एनर्जी ड्रिंक का सेवन करने से बच्चे की यददाश्त बेहतर होने के साथ ही उसका दिमाग भी तेज होगा। एनर्जी ड्रिंक के लिए खरबूजे के बीज, हरी इलायची, बादाम, खसखस, सौंफ और काली मिर्च को मिलाकर बनाया जा सकता है।

ड्राई फ्रूट्स से तैयार इस ड्रिंक को पीने से बच्चे को सभी उचित तत्व आसानी से मिल जाएंगे। इससे उसके शरीर व दिमाग का बेहतर तरीके से विकास होने के साथ बीमारियों से बचाव रहेगा। आप इसे बच्चों को सुबह और शाम को भूख लगने पर पिला सकती है। इससे मिलेंगे ये फायदे

## तेज दिमाग

ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर अखरोट का सेवन करने से दिमाग का विकास अच्छे से होगा। ऐसे में स्मरण शक्ति बढ़ने में मदद मिलेगी।

## खून की कमी होगी दूर

सूखे मेवों से तैयार इस ड्रिंक को पीने से शरीर को भरपूर मात्रा में आयरन मिलेगा। ऐसे में खून की कमी पूरी होगी। साथ ही थकान व कमजोरी की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। शरीर दिनभर एनर्जेटिक रहेगा।

## आंखों के लिए फायदेमंद

विटामिन-ए का उचित स्त्रोत होने से आंखों की रोशनी बढ़ने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे जुड़ी बीमारियों के होने का खतरा भी कम रहेगा।

## रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ेगी

इस हेल्दी ड्रिंक का सेवन करने से बच्चे की इम्यूनिटी स्ट्रांग होगी। ऐसे में बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कम रहेगा। साथ ही बच्चे में सुस्ती व कमजोरी दूर हो ताकत आएगी। इसतरह आपका बच्चा दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेगा।



## सही वजन दिलाए

रोजाना इस ड्रिंक के 1-2 गिलास बच्चे को जरूर पिलाएं। इससे बच्चों का दुबलापन दूर हो उन्हें सही वजन मिलने में मदद मिलेगी।

## मजबूत हड्डियां

इसके सेवन से विटामिन, कैल्शियम की कमी पूरी होगी। ऐसे में बच्चे के मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। साथ ही बेहतर तरीके से विकास होने में मदद मिलेगी।

## कब्ज से राहत

इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होने से कब्ज की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। पेट अच्छे से साफ हो बेहतर तरीके से विकास होने में मदद मिलेगी।

## बेहतर पाचन तंत्र

सूखे मेवे विटामिन, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होते हैं। ऐसे में इस ड्रिंक का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होने में मदद मिलती है। इससे अपच, पेट दर्द, एसिडिटी की परेशानी से राहत मिलती है.

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267